प्रेस विज्ञप्ति

**36वीं सीनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार 600 फेंसर्स**

**नई दिल्ली, 13 नवम्बर 2025:** फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) एवं दिल्ली एसोसिएशन फॉर फेंसिंग (डीएएफ) के संयुक्त तत्वावधान में 36वीं सीनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन 15 से 19 नवम्बर 2025 तक के.डी. जाधव हॉल, इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में किया जा रहा है। यह बहुप्रतीक्षित आयोजन देशभर के 600 से अधिक शीर्ष फेंसर्स को एक मंच पर लाएगा, जो भारतीय फेंसिंग प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

इस चैंपियनशिप में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एपे (Épée), फॉयल (Foil) और सेबर (Sabre) की तीनों विधाओं में व्यक्तिगत तथा टीम स्पर्धाओं में कुल 12 स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबला करेंगे। प्रमुख प्रतिभागियों में ओलंपियन एवं एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता सी.ए. भवानी देवी (सेबर), साथ ही अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता बिबिश के (फॉयल), प्राची लोहान (एपे), गिशो निधि (सेबर), तानिक्षा खत्री (एपे) और करण सिंह (सेबर) शामिल हैं, जो सभी शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इस चैंपियनशिप का उद्घाटन भारत सरकार के संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री तथा पूर्व युवा मामले एवं खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू द्वारा किया जाएगा, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) के अध्यक्ष श्री सतेज डी. पाटिल ने अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा, "सीनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप भारत के फेंसिंग खिलाड़ियों की प्रतिभा और संभावनाओं का भव्य प्रदर्शन है। हम गौरवान्वित हैं कि देश के हर कोने से 600 से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं, जो राष्ट्रीय एकता और खेल की आत्मा का प्रतीक है।"

मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्री राजीव मेहता ने कहा: "हम भारत सरकार के माननीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू का 36वीं सीनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत करते हुए गौरव का अनुभव कर रहे हैं। भारतीय खेलों के प्रति उनका निरंतर सहयोग हमेशा से देश के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और प्रतियोगिता की भावना नई ऊँचाइयाँ छुएगी।"

यह पांच दिवसीय प्रतियोगिता रोमांचक मुकाबलों, टीम भावना और भारत में फेंसिंग खेल की बढ़ती परंपरा का उत्सव होगी, जिसमें खिलाड़ी राष्ट्रीय गौरव के लिए अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए आमने-सामने होंगे।

**जारीकर्ता:**
**फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई)**
नई दिल्ली

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
सुश्री प्रियांका रानी – 9316223243